www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# 45वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-2002

## सामान्य अध्ययन

1. **महावीर जैन की मृत्यु निम्नलिखित में से किस नगर हुई?**
(A) राजगीर (B) राँची
(C) पावापुरी (D) समस्तीपुर **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-महावीर स्वामी ने 527 ईसापूर्व (या 468 ईसापूर्व) में लगभग 72 वर्ष की अवस्था में राजगृह के समीप स्थित पावा में अपना शरीर त्याग दिया।
**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-820

2. **बोधगया में महाबोधि मंदिर बनाया गया जहाँ-**
(A) गौतम बुद्ध पैदा हुए थे
(B) गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ
(C) गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम प्रवचन दिया
(D) गौतम बुद्ध की मृत्यु हुई **उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-निरंजना (फल्गु) नदी के तट पर बसे बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहीं प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर है, जिसके गर्भगृह में भगवान बुद्ध की स्वर्णमंडित प्रतिमा भूमिस्पर्श मुद्रा में स्थापित है।
**स्रोत**-बिहार की सांस्कृतिक विरासत/सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार/पृष्ठ-75

3. **शुंग वंश के बाद किस वंश ने भारत पर राज दिया ?**
(A) सातवाहन (B) कुशान (कुषाण)
(C) कनवा (कण्व) (D) गुप्त
**उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-अंतिम शुंग शासक देवभूति की उसके अमात्य वसुदेव ने हत्या कर कण्व वंश की स्थापना की थी।
**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-284

4. **अशोक के शासन काल में बौद्ध-सभा किस नगर में आयोजित की गयी थी ?**
(A) मगध (B) पाटलिपुत्र
(C) समस्तीपुर (D) राजगृह **उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-अशोक के शासन काल में तृतीय बौद्ध-संगीति का आयोजन पाटलीपुत्र में मोगालीपुत्रतिस्स की अध्यक्षता में हुआ। इसी संगीति में अभिधम्मपिटक का संकलन किया गया।
**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-831

5. **कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में किस पहलू पर प्रकाश डाला गया है ?**
(A) आर्थिक जीवन (B) राजनीतिक नीतियाँ
(C) धार्मिक जीवन (D) सामाजिक जीवन
**उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-कौटिल्य कृत अर्थशास्त्र हिन्दू राजशासन पर उपलब्ध प्राचीनतम रचना है। राजनीतिशास्त्र के क्षेत्र में इसका वही स्थान है जो व्याकरण के क्षेत्र में पाणिनी की अष्टध्यायी का है।
**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-220-21

6. **गौतम बुद्ध को एक देवता का स्थान किस राजा के युग में प्राप्त हुआ ?**
(A) अशोक (B) कनिष्क
(C) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (D) हर्ष
**उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-कनिष्क के समय में बौद्ध धर्म हीनयान तथा महायान संप्रदायों में बँट गया। महायान में बुद्ध को देवता मानकर उनकी पूजा की जाने लगी। साथ ही बोधिसत्वों की पूजा भी शुरू हुई।
**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-832

7. **'कुमारसंभव' महाकाव्य किस कवि ने लिखा ?**
(A) बाणभट्ट (B) चन्दबरदाई
(C) हरिसेन (D) कालिदास
**उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-कुमारसंभव कालिदास की रचना है। यह महाकाव्य 17 सर्गों में बँटा है तथा इसमें शिव और पार्वती के पुत्र कुमार (कार्तिकेय) के जन्म की कथा वर्णित है।
**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-787

8. **तैमूर के आक्रमण के बाद भारत में किस वंश का राज स्थापित हुआ ?**
(A) लोदी वंश (B) सैय्यद वंश
(C) तुगलक वंश (D) खिलजी वंश
**उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-तैमूर के आक्रमण (1399) के फलस्वरूप पतनोन्मुख तुगलक वंश का शीघ्र ही पतन हो गया तथा 1414 में सैय्यद वंश सत्ता में आया। तैमूर ने भारत से जाते समय सैय्यद वंश के पहले शासक खिज्रखाँ को मुलतान, लाहौर और दीपालपुर का गवर्नर नियुक्त किया गया।
**स्रोत**-मध्यकालीन भारत/विद्याधर महाजन/एस. चंद एंड कंपनी/2002/पृष्ठ सं०-207

9. **निम्नलिखित में से किस सुल्तान के दरबार में सबसे अधिक गुलाम थे ?**
(A) बलबन (B) अलाउद्दीन खिलजी
(C) मुहम्मद बिन तुगलक (D) फिरोज तुगलक
**उत्तर-(D)**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**व्याख्या**-फीरोज तुगलक के समय दास-प्रथा के बहुत बढ़ावा मिला। उसके पास 1,80,000 गुलाम थे। जिसमें से चालीस हजार शाही महल में सुल्तान की सेवा में नियुक्त थे।
**स्रोत**-भारत का इतिहास 1000 से 1707/आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं-165

**10. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने बेरोजगारों को रोजगार दिलवाया था ?**
(A) अलाउद्दीन खिलजी (B) मुहम्मद बिन तुगलक
(C) फिरोज तुगलक (D) शेरशाह सूरी

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-फिरोज तुगलक ने एक रोजगार दफ्तर खोला था, जिसमें बेकारों का लेखा-जोखा रखा जाता था तथा उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार काम दिया जाता था।
**स्रोत**-भारत का इतिहास 1000 से 1707/आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं-163

**11. निम्नलिखित में से किस मुगल बादशाह ने अंग्रेजों को उनके व्यापार में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण फरमान दिया ?**
(A) बहादुरशाह प्रथम (B) फर्रुखसियर
(C) शाहआलम द्वितीय (D) बहादुरशाह द्वितीय

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-कंपनी का एक प्रतिनिधिमंडल जॉन सर्मन की अध्यक्षता में मुगल दरबार आया तथा कुछ विशेषाधिकारों की याचना की। फलत: 1717 में फर्रुखसियर ने एक फरमान जारी कर अंग्रेजों को तीन हजार वार्षिक शुल्क देकर बंगाल में चुंगीमुक्त व्यापार की अनुमति दे दी। इसे बंगाल में अंग्रेजी व्यापार का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।
**स्रोत**-मध्यकालीन भारत, भाग-2/हरिश्चंद्र वर्मा/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/1998/पृष्ठ सं०-707

**12. कूका आंदोलन को किसने संगठित किया ?**
(A) गुरु राम दास (B) गुरु नानक
(C) गुरु राम सिंह (D) गुरु गोविन्द सिंह

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-कूका आंदोलन का संगठन पंजाब में 1840 में भगत जवाहरलाल ने किया था। रामसिंह कूका के नेतृत्व में कूकाओं ने अंग्रेजों से 1863 तथा 1872 में लोहा लिया। अंग्रेजों ने कूका विद्रोह को कुचलकर रामसिंह को रंगून निर्वासित कर दिया।

**13. कुंवर सिंह ने 1857 ई० के विद्रोह का नेतृत्व किस प्रांत से किया?**
(A) पंजाब (B) बंगाल
(C) बिहार (D) महाराष्ट्र

उत्तर-(C)

**14. 1857 के विद्रोह को किस उर्दू कवि ने देखा था ?**
(A) मीर तकी मीर (B) जोक
(C) गालिब (D) इकबाल

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-प्रसिद्ध शायर असदुल्ला खाँ गालिब का दौर 1806 से 1869 है। इस प्रकार 1857 के विद्रोह को उन्होंने देखा था। अल्ताफ हुसैन पानीपती उर्फ 'हाली' (1837-94) ने भी 1857 के विद्रोह को देखा था।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, यशपाल, अलका मेहता/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं०-489

**15. निम्नलिखित में से कौन 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों का सबसे कट्टर दुश्मन था ?**
(A) मौलवी अहमदुल्लाह शाह
(B) मौलवी इंदादुललाह
(C) मौलाना फज्लेहक खैराबादी
(D) नवाब लियाकत अली

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-मौलवी अहमदुल्ला शाह ने 1857 के विद्रोह के दौरान फैजाबाद में विद्रोह का नेतृत्व किया था। लखनऊ में हार जाने के बाद उसने रुहेलखंड में विद्रोह किया, जहाँ पुवाँय के राजा ने धोखे से उसे मार डाला। उस पर कंपनी ने 50000 रु. का ईनाम रखा था।
**स्रोत**-आधुनिक भारत/बिपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ-118

**16. मुण्डाओं ने विद्रोह खड़ा किया-**
(A) 1885 ई० में (B) 1888 ई० में
(C) 1890 ई० में (D) 1895 ई० में

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-बिरसा मुंडा के नेतृत्व में 1895 से 1901 के बीच मुंडा आदिवासियों ने छोटानागपुर क्षेत्र में विद्रोह किया था।
**स्रोत**-सृजन सामान्य अध्ययन, बिहार-इतिहास, कला-संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं०-17

**17. भारत संघ (Indian Association) के संस्थापक कौन थे?**
(A) दादाभाई नौरोजी (B) बालगंगाधर तिलक
(C) ए. ओ. ह्यूम (D) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-भारत संघ (Indian Association) की स्थापना 1876 में आनंद मोहन बोस तथा सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने की थी।
**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम/बिपिनचंद्र, अमलेश त्रिपाठी, बरुण डे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं०-42

**18. इलाहाबाद की संधि के बाद रॉबर्ट क्लाईव ने मुर्शिदाबाद का उप दीवान किसे बनाया था ?**
(A) मुहम्मद रजा खान (B) शिताब राय
(C) राय दुर्लभ (D) सैय्यद गुलाम हुसैन

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-इलाहाबाद की संधि (अगस्त, 1765) के बाद क्लाइव ने बंगाल में दोहरी शासन-प्रणाली लागू की, जिसके तहत दीवानी कार्य के लिए दो उपदीवान, बंगाल के लिए रजा खाँ तथा बिहार के लिए शिताब राय की नियुक्ति की।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस.चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं०-61-62

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**19. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की ?**

(A) गणेश आगरकर (B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(C) दादाभाई नौरोजी (D) फिरोजशाह मेहता

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-दादाभाइ नौरोजी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन (1886) की अध्यक्षता की थी। वे 1893 तथा 1906 में भी कांग्रेस के अध्यक्ष रहे।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस.चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-328

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा आयोग 1857 ई॰ के विद्रोह दमन के बाद भारतीय फौज के नव संगठन से संबंधित है ?**

(A) पब्लिक सर्विस आयोग (B) पील आयोग

(C) हन्टर आयोग (D) साइमन कमीशन

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-1857 की क्रांति के बाद सैनिक पुनर्गठन हेतु पील कमीशन की नियुक्ति हुई, जिसकी सिफारिशों के आधार पर सेना में भारतीयों की संख्या घटा दी गई तथा यूरोपीयों की संख्या बढ़ा दी गई।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/अखिल मूर्ति/मूर्ति पब्लिकेशन/2011/पृष्ठ सं॰-162

**21. बंगाल का विभाजन हुआ था-**

(A) 15 अगस्त, 1905 (B) 15 सितम्बर, 1905

(C) 15 अक्टूबर, 1905 (D) 15 नवम्बर, 1905

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-बंगाल का विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 को प्रभावी हुआ था। इस दिन स्वदेशी बहिष्कार आंदोलन के तहत राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया।

**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम/बिपन चंद्र, अमरेश त्रिपाठी, बरूण डे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं॰-66

**22. राष्ट्रीय आंदोलन में निम्न में से किसको नरमदलीय के तौर पर नहीं जाना जाता था ?**

(A) बाल गंगाधर तिलक (B) दादाभाई नौरोजी

(C) एम. जी. रानाडे (D) गोपालकृष्ण गोखले

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-तिलक, लाजपतराय तथा बिपिनचंद्र पाल प्रसिद्ध राष्ट्रवादी अथवा उग्रपंथी थे। इन्होंने उदारवादियों की नरम नीति का विरोध किया। सर्वप्रथम तिलक ने ही स्वराज्य की माँग स्पष्ट रूप से थी।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. गोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-331

**23. जनरल डायर की किसने गोली मारकर हत्या की थी ?**

(A) खुदीराम बोस (B) भगत सिंह

(C) मदनलाल ढींगरा (D) ऊधम सिंह **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-जनरल डायर की हत्या ऊधमसिंह ने लंदन में कर दी। उधमसिंह गदर आंदोलन के एक कार्यकर्त्ता थे।

**24. भारत छोड़ो आन्दोलन का नेतृत्व किया था-**

(A) बी. आर. अम्बेडकर ने

(B) पं॰ जवाहरलाल नेहरू ने

(C) महात्मा गाँधी ने

(D) इनमें से किसी ने भी नहीं **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-8 अगस्त, 1942 को कांग्रेस ने भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया। इसमें आंदोलन को गांधीजी के नेतृत्व में चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि सभी नेता कैद कर लिए जायँ तो जनता अपना नेतृत्व खुद करे। 9 अगस्त, 1942 को कांग्रेस ये सभी नेता कैद कर लिए गए, फलतः आंदोलन स्वतः स्फूर्त हो गया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-435-37

**25. 'करो या मरो' का मन्त्र किसने दिया ?**

(A) बी. सी. राय (B) जे. सी. बोस

(C) पं॰ जवाहरलाल नेहरू (D) महात्मा गाँधी

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-8 अगस्त, 1942 को कांग्रेस के अधिवेशन में गांधीजी ने अपने भावपूर्ण भाषण में 'करो या मरो' का आह्वान किया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-435

**26. आजाद हिन्द फौज की स्थापना कहाँ की गयी थी ?**

(A) जापान (B) बर्मा

(C) सिंगापुर (D) इंगलैण्ड

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-आजाद हिंद फौज के पहले डिवीजन का गठन कैप्टन मोहन सिंह द्वारा 1 सितंबर, 1942 को मलाया (सिंगापुर) में किया गया। सुभाषचंद्र बोस जुलाई, 1943 में सिंगापुर पहुँचे तथा आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन कर इसके मुख्यलाल रंगून तथा सिंगापुर में बनाए।

**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-376

**27. भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को कब फाँसी दी गयी?**

(A) 23 मार्च, 1931 को (B) 23 मार्च, 1932 को

(C) 23 मार्च, 1933 को (D) 23 मार्च 1934

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-लाहौर षड्यंत्र केस के तहत भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को फाँसी की सजा सुनाई गई तथा 23 मार्च, 1931 को उन्हें फाँसी दे दी गई।

**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-192

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा कांग्रेस के गरम दल से संबंधित था ?**

(A) अरविन्द घोष (B) दादाभाई नौरोजी

(C) जी. के. गोखले (D) एस. एन. बनर्जी

**उत्तर-(A)**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**व्याख्या**-अरविंद घोष (1872-1950) एक प्रसिद्ध गरमपंथी नेता थे। 1906-10 तक क्रांतिकारी नेता भी रहे। 1910 में पांडिचेरी चले गये 'युगांतर' नामक पत्रिका चलाई। बाद में योग साधन में लग गए।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-528

**29. कैबिनेट मिशन की अध्यक्षता किसके द्वारा की गयी ?**
(A) लॉर्ड एटली (B) स्टेफोर्ड क्रिप्स
(C) क्लीमेन्ट एटली (D) सर. पी. लॉरेंस
उत्तर-(D)

**व्याख्या**-24 मार्च, 1946 को तीन सदस्यीय कैबिनेट मिशन दिल्ली पहुँचा। इसके अध्यक्ष लॉर्ड पेथिक लॉरेंस थे तथा दो अन्य सदस्य थे- स्ट्रेफोर्ड क्रिप्स तथा ए.वी. एलेक्जेंडर। इस मिशन ने अपना प्रस्ताव 16 मई, 1946 को प्रकाशित किया।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-413

**30. 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा किसने दिया ?**
(A) मो॰ इकबाल (B) एम. के. गाँधी
(C) भगत सिंह (D) एस. सी. बोस
उत्तर-(C)

**31. 7 दिसंबर, 1942 को श्री योगेन्द्र शुक्ल कहाँ लाए गए?**
(A) राँची (B) मुंगेर
(C) पटना (D) भागलपुर
उत्तर-(C)

**व्याख्या**-जयप्रकाश नारायण अपने पाँच सहयोगियों के साथ 9 नवंबर, 1942 को हजारीबाग जेल से भाग गए। इनमें योगेन्द्र शुक्ल भी थे, जिन्हें मुजफ्फरपुर में गिरफ्तार कर लिया गया। 7 दिसंबर, 1942 को उन्हें पटना लाया गया तथा बक्सर जेल भेज दिया गया।

**32. जगतनारायण लाल को किस जेल में भेजा गया था ?**
(A) बाँकीपुर जेल (B) कैम्प जेल
(C) भागलपुर जेल (D) हजारीबाग जेल
उत्तर-(A)

**व्याख्या**-भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जगतनारायण लाल को सितंबर, 1942 को कैद कर लिया गया। उन्हें बाँकीपुर जेल में रखा गया था।

**33. रामचंद्र शर्मा किस गाँव से थे ?**
(A) गोगरी (B) इन्द्रपुर
(C) पेमा (D) अमहरा
उत्तर-(D)

**व्याख्या**-रामचंद्र शर्मा पटना जिले के अमहरा गाँव के रहने वाले थे।

**34. श्री नरसिंह नारायण क्या थे ?**
(A) समाजवादी (B) राष्ट्रवादी
(C) अन्तर्राष्ट्रवादी (D) साम्यवादी
उत्तर-(A)

**व्याख्या**-नरसिंह नारायण समाजवादी नेता तथा जयप्रकाश नारायण के सहयोगी थे।

**35. जयप्रकाश नारायण किस पार्टी से सम्बन्धित थे ?**
(A) काँग्रेस (B) किसान सभा
(C) समाजवादी (D) साम्यवादी
उत्तर-(C)

**व्याख्या**-जयप्रकाश नारायण (1902-79) प्रसिद्ध समाजवादी नेता थे। 1934 को पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में कांग्रेस समाजवादी पार्टी की स्थापना हुई, जिसके महामंत्री जयप्रकाश नारायण बनाए गए। इस पार्टी के तीसरे अधिवेशन (1936, फैजपुर) की अध्यक्षता जयप्रकाश नारायण ने की।
**स्रोत**-बिहार का इतिहास/कौलेश्वर राय/किताब महल/2007/पृष्ठ सं॰-441

**36. मूल रूप से 'बिहार' शब्द का अर्थ है-**
(A) बौद्ध मठ (B) देवदूतों की भूमि
(C) आर्य प्रदेश (D) हरियाली का प्रदेश
उत्तर-(A)

**व्याख्या**-'बिहार' 'विहार' शब्द का अपभ्रंश है। 12वीं सदी के आसपास ओदंतपुरी तथा अन्य बौद्ध विहारों के कारण प्रदेश का नाम बिहार पड़ा।
**स्रोत**-सृजन सामान्य अध्ययन, बिहार-इतिहास, कला-संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-60

**37. कौन-सा प्रमुख उद्योग मुरी में स्थापित है?**
(A) एल्युमीनियम (B) ताँबा उद्योग
(C) इस्पात उद्योग (D) रसायन उद्योग
उत्तर-(A)

**व्याख्या**-मुरी में भारतीय एल्युमीनियम कम्पनी लि॰ है, जो झारखण्ड में अवस्थित है।
**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-106

**38. गुजरात की राजधानी कौन-सी है-**
(A) गोधरा (B) बड़ौदा
(C) गाँधी नगर (D) अहमदाबाद
उत्तर-(C)

**व्याख्या**-गुजरात राज्य मई, 1960 ई॰ को अस्तित्व में आया। यह पश्चिम तट पर स्थित है। इसकी राजधानी गाँधीनगर को बनाया गया।
**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग, भारत सरकार पृष्ठ सं॰-1025

**39. राजस्थान की राजधानी कौन-सी है?**
(A) जयपुर (B) राजस्थान
(C) जोधपुर (D) उदयपुर
उत्तर-(A)

**व्याख्या**-राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है। इसकी राजधानी जयपुर है।
**स्रोत**-भारत, 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-1062

**40. असम कुल मिलाकर कितने राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों से घिरा हुआ है?**
(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 9
उत्तर-(B)

व्याख्या-असम की राजधानी दिसपुर है। इसकी सीमा प॰ बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर राज्यों के साथ मिलती है। असम पूर्वोत्तर भारत का प्रहरी और पूर्वोत्तर राज्यों का प्रवेश द्वार है।
स्रोत-The ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-17, एवं भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-1016

**41. भाखड़ा-नागल बाँध किस नदी पर बनाया गया है?**
(A) रावी (B) सिन्धु
(C) चिनाब (D) सतलज **उत्तर-(D)**
व्याख्या-पंजाब राज्य में तीन बाँध भाखड़ा, पोंग और रंजीत नगर है। भाखड़ा-नांगल बाँध सतलज नदी पर स्थापित है। यह संसार का सबसे ऊँचा गुरुत्वीय बाँध है। इसके पीछे मानव-निर्मित झील है, जिसे 'गोविन्द सागर' का नाम दिया गया। हिमाचल प्रदेश में नांगल नाम के स्थान पर जलविद्युत केन्द्र बनाया गया। इससे लाभान्वित राज्य हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है।
स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल, कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-57 एवं भारत 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ-1060

**42. भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र में वन क्षेत्र का क्या प्रतिशत है?**
(A) 20.7% (B) 21.7%
(C) 22.7% (D) 23.7% **उत्तर-(D)**
व्याख्या-इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 23.81% वन है। देश में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला राज्य मध्य प्रदेश है। अरूणाचल प्रदेश का दूसरा स्थान है। प्रतिशत के रूप में मिजोरम का प्रथम स्थान है। कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 90.68% के साथ लक्षद्वीप का दूसरा स्थान है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक 2012, पृष्ठ सं॰-104

**43. भारतीय प्रमाणिक समय IST एवं ग्रीनविच माध्य समय (GMT) में अंतर पाया जाता है-**
(A) $+4\frac{1}{2}$ घण्टा (B) $+5\frac{1}{2}$ घण्टा
(C) $-5\frac{1}{2}$ घण्टा (D) $-4\frac{1}{2}$ घण्टा
**उत्तर-(B)**
व्याख्या-भारत का मानक समय $\rightarrow 82\frac{1}{2}^{o}$ पूर्वी देशांतर से लिया गया है जो इलाहाबाद की नैनी से गुजरता है। $1^{0}$ देशान्तर = 4 मिनट का अंतर होता है। भारत का मान- समय ग्रीनविच से $+5\frac{1}{2}^{o}$ घण्टा आगे है।
$(82\frac{1}{2}\times 4$ ... $= 5\frac{1}{2}$ घण्टा)
स्रोत-नवीन राष्ट्रीय ... , पृष्ठ सं॰-15

**44. भारत में कुल कितने राष्ट्रीय मार्ग है और उनकी कुल लम्बाई तकरीबन कितनी है?**
(A) 34 और 1,6000 किमी॰
(B) 44 और 24,000 किमी॰
(C) 54 और 32,000 किमी॰
(D) 64 और 40,000 किमी॰ **उत्तर-(D)**
व्याख्या-वर्तमान में राष्ट्रीय मार्ग की संख्या-77 है।

**45. लक्षद्वीप में कितने द्वीप हैं?**
(A) 17 (B) 27
(C) 36 (D) 47 **उत्तर-(C)**
व्याख्या-लक्षद्वीप अरब सागर में प्रवाल द्वीपों का एक समूह है। यहाँ कुल 36 द्वीप हैं, जिनमें से केवल 11 में आबादी है। भारत से सबसे अधिक नारियल का उत्पादन लक्षद्वीप में होता है। लक्षद्वीप में प्रति व्यक्ति मछली की उपलब्धता देश में सर्वाधिक है।
स्रोत-भारत 2013 प्रकाश विभाग, पृष्ठ सं॰-1086

**46. भारत के किस राज्य में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व पाया जाता है?**
(A) दिल्ली (B) प॰ बंगाल
(C) केरल (D) उत्तर प्रदेश
**उत्तर-(B)**

| | | 2001 के जनघनत्व जनगणना के अनुसार | 2011 के जनघनत्व जनगणना के अनुसार |
|---|---|---|---|
| प. बंगाल | - | 904 (सबसे अधिक) | 10,29 |
| दिल्ली | - | 9,294 (संघीय) | 11,297 (संघीय) |
| केरल | - | 819 | 859 |
| उत्तर प्रदेश | - | 689 | 828 |
| बिहार | - | 880 | 1,102 (सबसे अधिक) |

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-29, जनगणना रिपोर्ट-2011

**47. झारखण्ड का लौह-अयस्क उत्पादन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण जिला कौन-सा है-**
(A) डाल्टनगंज (B) हजारीबाग
(C) धनबाद (D) सिंहभूम **उत्तर-(D)**
व्याख्या-झारखण्ड में सिंहभूम जिला लौह-अयस्क उत्पादन का ... केन्द्र हैं प्रमुख खान-नोआमुण्डी, गुआ एवं ...दा।
स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-66, दिसम्बर-2001

**48. विश्व की सबसे ऊँची चोटियाँ किस प्रकार के पर्वतों में पाई जाती है?**
(A) प्राचीन मोड़दार पर्वत (B) नवीन मोड़दार पर्वत
(C) अवशिष्ट पर्वत (D) ब्लॉक पर्वत
**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-जब चट्टानों में पृथ्वी की आन्तरिक शक्तियों द्वारा मोड़ या वलन पड़ जाते हैं तो उसे वलित पर्वत कहते हैं। टर्शियरीयुग के समय बने पर्वत को नवीन या युवा वलित पर्वत कहा जाता है। वलित पर्वत विश्व के सर्वाधिक ऊँचे तथा सर्वाधिक विस्तृत पर्वत है। इसका विस्तार सभी महाद्वीपों में है जैसे-हिमालय (एशिया) आल्प्स (यूरोप) रॉकीज (उत्तरी अमेरिका) एण्डीज (द॰ अमेरिका) एटलस (अफ्रीका) इत्यादि।

**स्रोत**-भौतिक भूगोल-सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं॰-160, 167

**49. पृथ्वी परिभ्रमण करती हुई प्रति मिनट करीब-करीब कितनी दूरी तय कर लेती है।**

(A) 28 किमी॰ (B) 59 किमी॰
(C) 69 किमी॰ (D) 79 किमी॰

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-पृथ्वी की घूर्णन गति में एक मिनट में तय की गई

दूरी $= \frac{2\pi g}{t} = \frac{2 \times 3.14 \times 6400}{24 \times 60} = 27.9 = 28$ किमी. लगभग

**50. शुष्क भूमि के लिए सर्वाधिक उचित फसल कौन-सी है?**

(A) गन्ना (B) जूट
(C) गेहूँ (D) मूंगफली

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-मूँगफली खरीफ फसल के अन्तर्गत आती है। यह उष्णकटिबंधीय पौधा है। इसकी फसल के लिए 22-25 से॰ ग्रे॰ तापमान तथा वर्षा 60-130 सेमी॰ उपयुक्त मानी जाती है। भारत के पश्चिम और दक्षिण भाग में मुख्य रूप से पैदा की जाती है।

**स्रोत**-NCERT, भारत का भूगोल कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-99 दिसम्बर-2001

**51. विश्व का कौन-सा देश मुलायम लकड़ी एवं लकड़ी की लुग्दी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं निर्यातक है?**

(A) यू॰ एस॰ ए॰ (B) नार्वे
(C) स्वीडन (D) कनाडा

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-पृथ्वी के सबसे उत्तरी भाग में शुद्ध कोणधारी वन पाये जाते हैं। इन्हीं वनों के कारण कनाडा में लड़की एवं लुग्दी एवं कागज उद्योग का बड़े पैमाने पर विकास हुआ जिसके परिणामस्वरूप सबसे बड़ा उत्पादक एवं निर्यातक है।

**स्रोत**-भौतिक भूगोल, सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं॰-520 एवं भूगोल के सिद्धान्त-2, NCERT, पृष्ठ सं॰-10

**52. अफ्रीका की मूलभूत जनजाति 'पिग्मी' किस नदी घाटी में पायी जाती है ?**

(A) नाइजर (B) कांगो
(C) नील (D) जेम्बेजी

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-अफ्रीका महाद्वीप में पिग्मी जनजाति पायी जाती है। यह मुख्यत: आखेट एवं शिकार के द्वारा जीवन-यापन करते हैं। इसका मुख्य बसावट कांगो नदी घाटी में है। इस नदी के नाम पर कांगों देश का भी नाम पड़ा।

**स्रोत**-मानव भूगोल के मूल सिद्धांत NCERT कक्षा-12 पृष्ठ सं॰-39 एवं नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-148

**53. रूपये का अंतिम बार अवमूल्यन किया गया-**

(A) जुलाई 1991 ई॰ (B) जुलाई 1993 ई॰
(C) जुलाई 1997 ई॰ (D) जुलाई 2001 ई॰

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-अवमूल्य का अर्थ होता है देश की मौद्रिक इकाई के मूल्य को विदेशी मुद्रा के सापेक्ष जानबूझकर कम करना। इस प्रक्रिया से विदेशी बाजार में निर्यात सस्ता और घरेलू बाजार में आयात महंगा हो जाता है। भारत में तीन बार रुपयों का अवमूल्यन किया जा चुका है-प्रथम 1949 ई॰ 30.5%, दूसरा जून, 1966 ई॰ 36.5% तीसरा-जुलाई-1991 में कुल तीन बार अवमूल्यन किया गया।

**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक भारतीय अर्थव्यवस्था-2012, पृष्ठ सं॰-316

**54. भारत में कृषि क्षेत्र श्रम शक्ति के कितने प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है?**

(A) 20% (B) 30%
(C) 40% (D) 65%

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-भारत में कृषि कुल श्रम शक्ति के 57% को रोजगार उपलब्ध कराती है। (नोट प्रश्न पूछे जाने समय 65% था।)

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-505

**55. वर्तमान समय में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक हिस्सेदार है-**

(A) रूस (B) ब्रिटेन
(C) आस्ट्रेलिया (D) यू. एस. ए.

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-वर्तमान समय में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक हिस्सेदार देश, यू.ए.ई. चीन, अमेरिका का स्थान आता है। (नोट-प्रश्न के समय U.S.A था)

**स्रोत**-आर्थिक समीक्षा-2011-12

**56. बैंकों द्वारा लाए गए निम्नलिखित में से किस भुगतान उपाय को प्लास्टिक मुद्रा के नाम से जाना जाता है-**

(A) वाहक चेक (B) क्रेडिट कार्ड
(C) डिमाण्ड ड्राफ्ट (D) उपहार चेक

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-प्लास्टिक मनी से तात्पर्य विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों तथा अन्य कंपनियों द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्डों से है।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक भारतीय अर्थव्यवस्था-2012, पृष्ठ सं॰-54

**57. आई॰ आर॰ डी॰ पी॰ का मुख्य उद्देश्य है-**
(A) निर्यात संवर्द्धन
(B) कुशल राजकोषीय प्रबंधन
(C) बैंकिंग सुधार
(D) ग्रामीण विकास एवं निर्धनता निवारण

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-छठी पंचवर्षीय योजना में 2 अक्टूबर 1980 ई॰ समेकित ग्राम विकास कार्यक्रम (IRDP) को पूरे देश में चलाया गया। उद्देश्य था निर्धन लोगों की मदद करना ताकि आय में वृद्धि हो सके। वर्तमान में यह कार्यक्रम स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना में शामिल कर लिया गया। इस कार्यक्रम को 1 अप्रैल 1999 को प्रारंभ किया गया।
**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक भारतीय अर्थव्यवस्था 2012, पृष्ठ सं॰-176

**58. सापेक्ष निर्धनता का अर्थ है-**
(A) दिवालियापन (B) व्यापार चक्र
(C) जीवन की न्यूनतम आवश्यकताएँ
(D) आर्थिक असमानाताएँ

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-विभिन्न आय वालों के बीच विषमता कितनी है को दर्शाते हैं क्योंकि तुलनात्मक अध्ययन ही सापेक्ष निर्धनता को परिभाषित करता है। मापन की दो विधि-लारेन्ज वक्र एवं गिनी गुणांक है।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-385

**59. भारत की 9वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है-**
(A) सन 1992-1997 ई॰ (B) सन 1997-2002 ई॰
(C) सन 1990-1995 ई॰ (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-नौवीं योजना 1997-2002 ई॰ तक अवधि रही। यह देश की आजादी के 50वें वर्ष में शुरू हुई थी।
**स्रोत**-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-695

**60. पिछले दशक के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र का महत्वपूर्ण विकास हुआ-**
(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीय क्षेत्र
(C) तृतीय क्षेत्र (D) खनन क्षेत्र

उत्तर-(C)

**61. किसी देश की प्रति व्यक्ति आय प्राप्त की जाती है-**
(A) जनसंख्या से (B) राष्ट्रीय आय से
(C) राष्ट्रीय आय एवं जनसंख्या दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय किसी देश के निवासियों की आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। प्रति व्यक्ति आय प्राप्त करने के लिए-

$$PCI = \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$$

**स्रोत**-भारत का आर्थिक विकास-NCERT, कक्षा-9, पृष्ठ सं॰-29

**62. निम्न में से कौन-से दो परोक्ष कर हैं-**
(A) बिक्री कर एवं आय कर
(B) आय कर एवं सम्पत्ति कर
(C) बिक्री कर एवं उत्पादन शुल्क
(D) आय कर एवं उत्पादन शुल्क

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-परोक्ष कर के अन्तर्गत बिक्री कर, उत्पाद कर, सीमा शुल्क, सेवा कर आते हैं। प्रत्यक्ष कर के अन्तर्गत आय कर, निगम कर, उपहार कर, सम्पत्ति कर, व्यय कर, ब्याज कर आदि आते हैं।
**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण को अतिरिक्तकांक भारतीय अर्थव्यवस्था, 2012, पृष्ठ सं॰-239

**63. अर्थशास्त्र में सन् 1998 ई॰ का नोबेल पुरस्कार किसे मिला।**
(A) सोलो (B) मार्शल
(C) अमर्त्य सेन
(D) पाल सेम्युअल्सन

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-वर्ष 1998 में अमर्त्य सेन को नोबेल पुरस्कार दिया गया। इस क्षेत्र में यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले एशियाई हैं।
**स्रोत**-मनोरमा ईयर बुक-2013

**64. भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन एकत्रित किया जाता है-**
(A) योजना आयोग द्वारा
(B) आर. बी. आई. द्वारा
(C) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा (C.S.O)
(D) भारतीय सांख्यिकी संस्थान द्वारा (I.S.I)

उत्तर-(C)

**65. लोक सभा के लिए चुनाव में निर्वाचित होने के लिए किसी व्यक्ति के लिए न्यूनतम आयु सीमा है-**
(A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष
(C) 25 वर्ष (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-कोई व्यक्ति संसद के किसी स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए अर्हित तभी होगा जब---
(क) वह भारत का नागरिक हो।
(ख) राज्य सभा में स्थान के लिए कम से कम 30 वर्ष की आयु का और लोकसभा में स्थान के लिए कम से कम 25 वर्ष की आयु है। (अनु. 84)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-183

66. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संवैधानिक प्रावधानों की संघीय संसद/राज्य विधान पालिकाओं द्वारा बनाए गए नियमों/कानूनों पर प्राथमिकता प्रदान करता है ?

(A) 13 (B) 32
(C) 245 (D) 326 उत्तर-(C)

व्याख्या-अनुच्छेद 245 के अनुसार संसद भारत के सम्पूर्ण राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के लिए विधि बना सकेगी और किसी राज्य का विधान मण्डल सम्पूर्ण राज्य या उसके किसी भाग के लिए विधि बना सके। संसद द्वारा बनाई गई कोई विधि इस आधार पर अविधिमान्य नहीं समझी जाएगी कि उसका राज्य क्षेत्रातीत प्रवर्तन होगा।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय, डी.डी. बसु, पृष्ठ सं॰-124

67. राज्यसभा का सभापति कौन होता है ?

(A) राष्ट्रपति (B) उपराष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री (D) लोकसभा का अध्यक्ष

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारतीय संविधान के अनुच्छेद 63 में कहा गया है कि भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होगा। यह अमेरिकी प्रथा का अनुसरण है। उपराष्ट्रपति संसद के किसी सदन या किसी राज्य विधानमंडल में किसी सदन का सदस्य नहीं होगा।

स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-158, 159

68. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में इनमें से कौन सर्वोच्च है ?

(A) सर्वोच्च न्यायालय (B) संविधान
(C) संसद (D) धर्म उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के भांति संविधान सामान्य विधान से ऊँचे आसन पर स्थित है और जो विधि संविधान के अनुरूप नहीं है वह विधिमान्य नहीं हो सकती। संविधान ने न्यायपालिका को सीमित सर्वोच्चता दी थी। इसकी परिसीमाएँ अनु. 13 में बांधी गई हैं।

स्रोत-भारत का संविधान - एक परिचय-बी. के. शर्मा, पृष्ठ-37, 38

69. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में कार्यपालिका ......... के अधीन रहकर कार्य करती है-

(A) न्यायपालिका
(B) विधानपालिका
(C) चुनाव आयोग
(D) संघ लोक सेवा आयोग उत्तर-(B)

व्याख्या-कार्यपालिका संसद के प्रति उत्तरदायी होती है और संसद का कार्य है कि कार्यपालिका पर राजनीतिक तथा वित्तीय नियंत्रण रखे और प्रशासन की संसदीय निगरानी करे।

स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप पृष्ठ सं॰-184

70. पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रणाली में आते हैं-

(A) ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, ब्लॉक समिति
(B) ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद
(C) ब्लॉक समिति, जिला परिषद, पंचायत समिति
(D) ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद

उत्तर-(D)

व्याख्या-संविधान के 73वें संशोधन द्वारा पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। इसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय प्रणाली अपनायी गयी-ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद।

स्रोत-भारतीय लोकप्रशासन, बी.एल. फाड़िया, पृष्ठ सं॰-593

71. संविधान का 73वाँ संशोधन सम्बन्धित है-

(A) राष्ट्रपति पर महाभियोग से
(B) चुनाव आयोग की नियुक्ति से
(C) शैक्षणिक संस्थाओं में सीटों के आरक्षण से
(D) पंचायती राज प्रणाली से उत्तर-(D)

व्याख्या-संविधान के 73वें संशोधन द्वारा पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। इसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय प्रणाली अपनायी गयी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद।

स्रोत-भारतीय लोकप्रशासन, बी.एल. फाड़िया, पृष्ठ सं॰-593

72. भारत के विभिन्न राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल का दर्जा देने का अधिकार किसको है ?

(A) संसद (B) राष्ट्रपति
(C) चुनाव आयोग (D) सर्वोच्च न्यायालय

उत्तर-(C)

व्याख्या-कौन सी राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल है। इसका फैसला चुनाव आयोग करता है। चुनाव आयोग यह निर्णय चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) अधिनियम 1968 (2000 में संशोधित) के तहत करता है।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-डी.डी. बसु पृष्ठ सं॰-133-134

73. राजनीतिक शब्दावली में 'शून्यकाल' का अर्थ है-

(A) वह दिन जब संसद में कोई नहीं होता
(B) निलम्बित प्रस्ताव
(C) स्थगन काल
(D) प्रश्न-उत्तर पत्र

उत्तर-सभी विकल्प गलत है।

व्याख्या-संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल के ठीक बाद का समय अर्थात 12 बजे के बाद का समय आमतौर पर शून्य काल कहा जाता है। यह एक घंटे तक चलता है। नियमों में शून्य काल का कही भी उल्लेख नहीं है।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

शून्यकाल का नाम 1960-70 के दशक में समाचारपत्रों में तब दिया गया जब बिना पूर्व सूचना के अविलंबनीय लोक महत्व के विषय उठाने की प्रथा विकसित हुई।
स्रोत-हमारी संसद-सुभाष कश्यप पृष्ट-107-108

**74. भारत में निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत पंचायती राज प्रणाली की व्यवस्था की गई है ?**
(A) मौलिक अधिकार (B) मौलिक कर्त्तव्य
(C) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त
(D) चुनाव आयोग अधिनियम उत्तर-(C)
**व्याख्या**-संविधान के भाग 4 में 156-51 तक राज्य के नीति निर्देशक तत्वों का वर्णन है। इसके अन्तर्गत अनुच्छेद-40 में 'ग्राम पंचायतों का गठन हो' वर्णित है। जिसे 73वाँ संविधान संशोधन द्वारा संवैधानिक दर्जा प्राप्त हो गया।
स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष काश्यप, पृष्ठ सं॰-125

**75. कानूनी विषयों पर राज्य सरकार को कौन परामर्श देता है।**
(A) महान्यायवादी
(B) एडवोकेट जनरल (महाधिवक्ता
(C) महान्यायाभिकर्ता
(D) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश उत्तर-(B)
**व्याख्या**-प्रत्येक राज्य का महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) राज्य का विधि अधिकारी होता है। वह राज्य सरकार को विधिक मामलों में परामर्श देता है। इसकी नियुक्ति राज्यपाल करता है। उसके प्रसादपर्यंत पद धारण करेगा। यह राज्य विधानमण्डल की कार्रवाई में भाग ले सकता है, बोल सकता है किन्तु मतदान नहीं कर सकता।
स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा पृष्ठ-227

**76. राज्य सरकार का कार्यकारी अध्यक्ष/संवैधानिक प्रमुख कौन है ?**
(A) मुख्यमंत्री (B) राज्यपाल
(C) मुख्यमंत्री का सचिव (D) मुख्य सचिव उत्तर-(B)
**व्याख्या**-अनुच्देद-154 के अनुसार राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होती है। वह उसका प्रयोग स्वयं या अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से करता हैं यह अभिनिर्धारित हुआ है कि मंत्री राज्यपाल के अधीनस्थ अधिकारी है।
स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-218

**77. 42वें संविधान संशोधन के 10 आचार आदेशों को किस नाम से जाना जाता है-**
(A) मौलिक अधिकार (B) मौलिक कर्त्तव्य
(C) पंचायत राज के सिद्धान्त
(D) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्त उत्तर-(B)
**व्याख्या**-मूल कर्त्तव्य अनु. 51क में अंगीकृत किया गया है। यह मूल संविधान का भाग नहीं था। 42वें संशोधन द्वारा 1976 में सम्मिलित किया गया। मूल कर्त्तव्य सोवियत संघ के संविधान से लिया गया है। वर्तमान में 11 मूल कर्त्तव्य है।
स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा पृष्ठ सं॰-151

**78. निम्नलिखित में से भारत में मौलिक कर्त्तव्य कौन-सा है?**
(A) न्यायपालिका से कार्यपालिका की पृथक्करण
(B) हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना एवं महत्व प्रदान करना
(C) बच्चों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा
(D) छुआछूत की परम्परा को समाप्त करना उत्तर-(B)
**व्याख्या**-संविधान के अनुच्छेद 51क में प्रत्येक नागरिक के लिए 11 कर्तव्य दिये गये हैं उनमें से एक हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना एवं महत्व प्रदान करना भी है।
स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा पृष्ठ सं॰-152

**79. भारत में प्रथम (Private) विश्वविद्यालय का नाम है ?**
(A) इग्नू (IGNOU) (B) जे.एन.यू. (J.N.U.)
(C) मैत्री सूचना तकनीकी विश्वविद्यालय
(D) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय उत्तर-(C)
**व्याख्या**- इग्नू, J.N.U और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सरकारी विश्वविद्यालय हैं। ये तीनों केन्द्रीय विश्वविद्यालय भी हैं। इग्नू की स्थापना 1985 ई. में की गयी थी, जो एक मुक्त (Open) विश्वविद्यालय है। जे.एन.यू. (JNU) की स्थापना 1968 ई. में नई दिल्ली में की गई थी। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना 1920 ई. में की गयी थी। इसकी स्थापना सर सैयद अहमद खाँ के प्रयासों से हुई। मैत्री सूचना तकनीकी विश्वविद्यालय एक निजी विश्वविद्यालय है।

**80. स्वतन्त्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे।**
(A) उत्तर प्रदेश से (B) आन्ध्र प्रदेश से
(C) बिहार से (D) तमिलनाडु से उत्तर-(C)
**व्याख्या**-स्वतन्त्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार से थे। 26 जनवरी, 1950 ई. से लेकर 13 मई, 1962 ई. तक भारत के राष्ट्रपति रहे। इन्होंने पटना में सदाकत आश्रम की स्थापना की थी।
स्रोत-भारत-2012 प्रकाशन विभाग

**81. जापान की क्राउन राजकुमारी का नाम क्या है ?**
(A) टोको (B) टोनो
(C) एइको (D) पीको उत्तर-(C)

**82. विकलांगों के लिए ओलम्पिक जाना जाता है-**
(A) सिम्पिलिम्पिक्स के रूप में
(B) कोम्बीलिम्पक्स के रूप में
(C) एण्डिलिम्पिक्स के रूप में
(D) एबीलिम्पिक्स के रूप में उत्तर-(D)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**व्याख्या**-विकलांगों के ओलम्पिक को 'एबीलिम्पिक्स' के रूप में जाना जाता है। इसका आयोजन प्रति 4 वर्षों पर किया जाता है।

**83. 'सामाजिक अधिकारिता स्मृति दिवस' कब मनाया जाता है ?**

(A) मार्च, 18 (B) मार्च, 19
(C) मार्च, 20 (D) मार्च, 12

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-20 मार्च, 1927 ई. को महाड़ चौड़ार तालाब प्रतिबन्ध मुक्ति की स्मृति में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्रालय द्वारा 20 मार्च को सामाजिक स्मृति दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

**84. निषेचन की क्रिया कहाँ पर होती है?**

(A) गर्भशाय में (B) अण्डवाहिनी में
(C) अण्डग्रन्थि में (D) योनि मार्ग

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-जहाँ शुक्राणु एवं अण्डाणु मिलते है उसे निषेचन कहते है। यह क्रिया अण्डवाहिनी (डिम्बवाहिनी) में होती है। दोनों के मिलने के बाद युग्मनज (Zygote) बनता है जो धीरे-धीरे बच्चों के रूप में परिवर्तित हो जाता है। बच्चे का जन्म 280 दिन या 40 सप्ताह में होता है।

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-186-187

**85. थायरॉइड ग्रन्थि से थायरोक्सिन स्रावित करने के लिए उत्तेजित करने वाला अन्तः स्रावी हॉमोन कौन-सा है?**

(A) TSH (B) FSH
(C) LTH (D) ACTH

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-हार्मोन एक विशिष्ट कार्बनिक यौगिक होते हैं। हॉर्मोन को नलिकाविहीन ग्रंथियाँ कहा जाता है, क्योंकि इसके वहन के लिए नलिकाएँ नहीं [illegible] जैसे-TSH, FSH, LTH, ACTH [illegible] पीयूष ग्रन्थि द्वारा स्रावित होता हैं, जिसे मास्टर ग्रंन्थि भी कहा जाता है।

**स्रोत**-हाई स्कूल, जीव विज्ञान, भारती भवन कक्षा-9, पृष्ठ सं॰ 203

**86. कशेरूक रज्जु में से कितनी जोड़ी तन्त्रिकाएँ निकलती है?**

(A) 13 (B) 31
(C) 33 (D) 12

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-मेरूरज्जु एक बेलनाकार संरचना है, यह मेडुला आब्लागेटा से आरंभ होकर कशेरुकण्ड में घिरा होता है कुल मिलाकर 31 जोड़ी तंत्रिकाएँ मेरूरज्जु से निकलती है। ये शरीर की सामान्य क्रियाओं के साथ-साथ आन्तरिक क्रियाओं को नियंत्रित करती हैं।

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-176

**87. प्रतिवर्ती क्रियाओं (Reflex Action) का नियंत्रण केन्द्र कहाँ पर होता है?**

(A) प्रमस्तिष्क (Cerebrum)
(B) अनुमस्तिष्क (Cerebellum)
(C) कशेरूक रज्जु में (Spinal cord)
(D) तंत्रिका कोशिका में (Nerve cell)

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-तंत्रिका तंत्र के अन्तर्गत मस्तिष्क, मेरूरज्जु और तंत्रिकाएँ आती है। मस्तिष्क तथा मेरूरज्जु, तंत्रिका तंत्र का केन्द्रीय भाग होता है। यहाँ से छोटी-छोटी पतली तंत्रिकाएँ पूरे शरीर में फैली रहती हे। कार्यकारी अंगों का किसी उद्दीपन के प्रति अचेतन और अनैच्छिक अभिक्रिया को प्रतिवर्ती क्रिया कहते हैं।

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-176

**88. सल्फर हेक्साफ्लोराइड अणु का आकार कौन-सा है ?**

(A) त्रिभुजाकार पिरामिड (B) अष्टफलकीय
(C) समतलीय (D) चतुष्फलकीय

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-सल्फर हेक्साफ्लोराइड के अणु का आकार अष्टफलकीय होता है। सल्फर ($S_8$) से बना होता है।

**स्रोत**-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-IX, पृष्ठ सं॰-23

**89. एक तत्व *X* की बाह्यतम कक्षा में चार इलेक्ट्रॉन है। हाइड्रोजन के साथ इसके यौगिक का कौन-सा सूत्र होगा ?**

(A) $X_4H$ (B) $X_4H_4$
(C) $XH_3$ (D) $XH_4$

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-चूँकि तत्व *X* की बाह्यतम कक्षा में चार इलेक्ट्रॉन है। इसलिए हाइड्रोजन के साथ इसके यौगिक का सूत्र होगा-

$XH_4$ यानी

```
      H
      |
  H — X — H → XH4
      |
      H
```

**90. तीसरे और चौथे समूह के ऑक्साइड का सामान्य गुण धर्म क्या है ?**

(A) बेसिक और एसिडिक (B) बेसिक
(C) एसिडिक (D) उदासीन

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-किसी आवर्त में बाएँ से दाएँ जाने पर तत्वों के ऑक्साइड की प्रकृति प्रबल भास्मिक से क्रमशः घटकर प्रबल अम्लीय हो जाती है। आवर्त सारणी के तीसरे एवं चौथे समूह के ऑक्साइड का सामान्य गुण धर्म बेसिक (क्षारीय) एवं एसिडिक (अम्लीय) दोनों होता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-2, भारती भवन, पृष्ठ सं॰-109

**91. जिस तत्व के परमाणु में दो प्रोटॉन, दो न्यूट्रॉन और दो इलेक्ट्रॉन हो उस तत्व की द्रव्यमान संख्या कितनी होती है ?**

(A) 2 (B) 4
(C) 6 (D) 8

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-परमाणु के नाभिक में उपस्थित कुल प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की संख्या उसकी द्रव्यमान संख्या कहलाती है। इसलिए द्रव्यमान संख्या (a) = प्रोटॉनों की संख्या + न्यूट्रॉनों की संख्या = 2 + 2 = 4

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-IX, पृष्ठ सं॰-43

**92. निम्नलिखित में से कौन-सा इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु के तत्वों के लिए होता है ?**

(A) 2, 8 (B) 2, 8, 7
(C) 2, 8, 8 (D) 2, 8, 8, 2

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-सामान्यत: धातु तत्वों के बाह्यतम कोश में 1 से 3 इलेक्ट्रॉन उपस्थित होते हैं। अधातु तत्वों के परमाणुओं के बाह्यतम कोश में सामान्यत: 4 से 8 इलेक्ट्रॉन होते हैं। इस प्रकार धातु तत्वों के लिए इलेक्ट्रॉनिक संरूपण 4 से कम होता है। अत: उत्तर 2,8,8,2 होगा।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-IX, पृष्ठ सं॰-60

**93. इस सदी की शुरूआत में हवाई जहाज का आविष्कार किसने किया था?**

(A) राइट ब्रदर्स (B) जेम्स वॉट
(C) हम्फ्री डेवी (D) वॉन ब्राउन

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-राइट ब्रदर्स ने हवाई जहाज, जेम्स वॉट ने भाप के इंजन तथा हम्फ्री डेवी ने सेफ्टी लैम्प का आविष्कार किया था।

स्रोत-ईयर बुक, 2013

**94. टेलिस्कोप की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?**

(A) न्यूटन (B) जेम्स वॉट
(C) हम्फ्री डेवी (D) गैलीलियो

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-टेलिस्कोप का आविष्कार गैलीलियो ने किया। यह इटली निवासी थे।

स्रोत-ईयर बुक, 2013

**95. निम्नलिखित में से किसमें ऋणात्मक आवेश होता है।**

(A) X – किरण (B) अल्फा किरण
(C) बीटा किरण (D) गामा किरण

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-रेडियो एक्टिव पदार्थों से तीन प्रकार की किरणें, अल्फा, बीटा तथा गामा किरण निकलती है। अल्फा धनावेशित, बीटा ऋणात्मक तथा गामा पर कोई नहीं आवेश होता है।

स्रोत-NCERT कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-126

**96. दो उत्तरोत्तर शृंग अथवा दो उत्तरोत्तर गर्त के बीच की दूरी को क्या कहते हैं?**

(A) आयाम (B) तरंगदैर्ध्य
(C) आवृत्ति (D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-दो क्रमागत शृंगो या दो क्रमागत गर्तों की बीच की दूरी एक तरंगदैर्ध्य के बराबर होती है या दो क्रमागत संपीडनों या दो क्रमागत विरलनो के बीच की दूरी भी एक तरंगदैर्ध्य के बराबर होती है। जब एक सरल आवर्त तरंग किसी माध्यम से होकर जाती है और एक निश्चित दूरी के पश्चात पुनरावृत्ति होती है तब इस दूरी को तरंगदैर्ध्य कहते है। इसे $\lambda$ (लैम्डा) में व्यक्त करते हैं SI मात्रक मीटर (M) है।

स्रोत-NCERT कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-164

**97. पदार्थ के संवेग और वेग के अनुपात से कौन सी भौतिक राशि प्राप्त की जाती है।**

(A) वेग (B) त्वरण
(C) द्रव्यमान (D) बल

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-न्यूटन के द्वितीय गति नियम में संवेग की धारणा निहित है। किसी वस्तु के द्रव्यमान व वेग के गुणनफल को वस्तु का संवेग कहते है। इसमें दिशा व परिमाण दोनों होता है। इसलिए यह एक सदिश राशि है।

स्रोत-NCERT कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-104

**98. बल गुणनफल है?**

(A) द्रव्यमान और वेग का (B) द्रव्यमान और त्वरण की
(C) भार और वेग का (D) भार और त्वरण का

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-न्यूटन के गति संबंधी प्रथम नियम से बल की परिभाषा मिलती है। किसी वस्तु पर लगाया गया बल (F) उस वस्तु के द्रव्यमान (m) तथा उस वस्तु के बल की दिशा में उत्पन्न त्वरण (a) के गुणनफल के बराबर होता है। अर्थात बल = द्रव्यमान × त्वरण या समीकरण रूप में $F = Ma$

स्रोत-NCERT कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-100

**99. निम्नलिखित में कौन की राशि सदिश नहीं है?**

(A) विस्थापन (B) वेग
(C) बल (D) आयतन

उत्तर-(D)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**व्याख्या**-भौतिक राशियाँ दो प्रकार की होती है। सदिश राशि उसे कहते हैं जिसमें दिशा व परिमाण दोनों होता है। जैसे-बल, विस्थापन, विद्युत क्षेत्र, भार, बलाघूर्ण, चाल प्रवणता, ताप प्रवणता, चुम्बकीय आघूर्ण, विद्युत धारा तथा घनत्व आदि। अदिश जैसे जिसमें केवल परिमाण होता है लेकिन दिशा नहीं, जैसे-समय, चाल, द्रव्यमान, आयतन, ताप, आवृत्ति, विशिष्ट ऊष्मा आदि।

**स्रोत**-NCERT कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ स॰-85

**100. 1 किमी॰ दूरी का तात्पर्य-**

(A) 100 मीटर (B) 1000 सेमी॰
(C) 1000 मीटर (D) 100 सेमी॰

उत्तर-(C)

**101. त्वरण ज्ञात करने का सही सूत्र कौन-सा है?**

(A) $a = \frac{V+U}{t}$ (B) $a = u + vt$
(C) $a = \frac{V-U}{t}$ (D) $a = \frac{V+U}{2}$

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-वेग में परिवर्तन की दर को त्वरण कहते हैं। न्यूटन के प्रथम गति नियम के अनुसार यदि किसी वस्तु का प्रारंभिक वेग $u$ समय $t$ अंतिम वेग $v$ है तो त्वरण $a$ की गणना होगी-

$\rightarrow a = \frac{v-u}{t}$ अथवा, $v = u + at$

**स्रोत**-NCERT कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ स॰-89

**102. समतल से 200 किमी. दूरी पर स्थित एक पर्वतीय स्थान के बीच एक कार चालक औसत 40 किमी. प्रति घंटा की चाल से गाड़ी चलाता है। वापस यात्रा के दौरान उसी दूरी को वह 20 किमी. प्रति घण्टा की औसत चाल से तय करता है, पूरी 400 किमी. की दूरी में गाड़ी की औसत चाल है।**

(A) 2.5 किमी. प्रति घण्टा (B) 30 किमी. प्रति घण्टा
(C) 24.33 किमी. प्रति घण्टा
(D) 26.67 किमी. प्रति घण्टा

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-200 किमी. की दूरी 40 किमी. प्रति घण्टा से तय करने में लगा समय $= \frac{200}{40} = 5$ घण्टे

20 किमी. प्रति घण्टा की चाल से 200 किमी. वापस आने में लगा समय $= \frac{200}{20} = 10$ घण्टे

औसत चाल = कुल दूरी/कुल समय $= \frac{200+200}{10+5} = \frac{400}{15} = 26.67$ किमी./घण्टा

**103. किसी वस्तु की कीमत सन् 1995 से सन् 19.. 5% सन् 1996 से सन् 1997 तक 8% एवं सन् 1.. से सन् 1998 तक 77% बढ़ जाती है तो सन् 199.. सन् 1998 तक कीमत में औसत बढ़ोत्तरी है-**

(A) 24% (B) 32%
(C) 26% (D) 30%

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-प्रश्नानुसार किसी वस्तु की कीमत में बढ़ोत्तरी

1995 से 1996 तक 5%

1996 से 1997 तक 8%


एवं 1997 से 1998 तक 77% है

$\therefore$ 1995 से 1998 तक वस्तु की कीमत में औसत बढ़ोत्तरी

$= \frac{5+8+77}{3}$

$= \frac{90}{3} = 30\%$

**104. निम्न चित्र में $ABCD$ एक वर्ग है एवं $EDC$ एक समबाहु $\Delta$ है। बिन्दु $A$ और $E$ एक सीधी रेखा द्वारा जुड़े है। $\angle DAE$ बराबर है-**




(A) 15° (B) 10°
(C) 30° (D) 20°

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-$\angle CDE = 60°$ [$EDC$ एक समबाहु $\Delta$ है]

$\angle ADC = 90°$ [$ABCD$ एक वर्ग है, इसलिए इसका प्रत्येक कोण 90° है।

$\angle ADE = \angle CDE + \angle ADC = 60° + 90° = 150°$

$\Delta ADE$ में,

$AD = DC$

$\therefore \angle DAE = \angle DEA = \frac{1}{2}(180 - 150)°$

$= \frac{1}{2} \times 30 = 15°$

**105. निम्न कथनों में से कौन सही है-**

(A) यदि $x < 0$, तो $x^2 > x$
(B) यदि $x^2 > 0$, तो $x > 0$
(C) यदि $x^2 > x$, तो $x > 0$
(D) यदि $x^2 > x$, तो $x < 0$

उत्तर-(A)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**106.** वक्र $x^2y^2 = a^2(x^2+y^2)$ के लिए निर्देशांक के समानान्तर अन्त:स्पर्शी हैं।

(A) $x = \pm a, y = 0$ (B) $x = \pm a, y = \pm a$

(C) $x = a, y = 0$ (D) $x = -a, y = -a$

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-व्याख्या दिए गए वक्र से,

$x^2y^2 = a^2(x^2+y^2)$

$y = \pm \dfrac{ax}{\sqrt{x^2 - a^2}}$

जब $-a < x < a$ है तब $y$ काल्पनिक है

अत: वक्र $-a < x < a$ के लिए निहित नहीं है।

अत: वक्र का कोई भी भाग $x = \pm a$ तथा $y = \pm a$, के बीच नहीं है

तब $x = \pm a$, $x$ अक्ष के समानान्तर अत:स्पर्शी है तथा $x = \pm a$, $y$ अक्ष के समानान्तर अन्त:स्पर्शी है।

**107.** वक्र $f(x) = x^3, x = 0$ के लिए।

(A) सार्वत्रिक न्यूनतम बिन्दु है

(B) स्थानीय न्यूनतम बिन्दु है

(C) एक चरम बिन्दु है

(D) नति परिवर्तन का बिन्दु है

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-चूँकि $f(x) = x^3$

माना कि $y = x^3$

$\therefore \dfrac{dy}{dx} = 3x^2$ ...(i)

अधिकतम एवं न्यूनतम बिन्दु के लिए, $\dfrac{dy}{dx} = 0$

अत: समीकरण (i) से चेक करने पर,

$\dfrac{d^2y}{dx^2} = 6x$ एवं $\dfrac{d^3y}{dx^3} = 6$

अर्थात् $x = 0$ पर न अधिकतम है, और न ही न्यूनतम है।

अत: यह नति परिवर्तन का बिन्दु है।

**108.** माना कि $f(x) = ax^7 + bx^3 + cx - 5$, जहाँ $a, b, c$ नियत (constant) हैं। यदि $f(-7) = 7$ तो $f(7)$ बराबर है?

(A) –17 (B) –7

(C) 14 (D) 17

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-$f(-7) = -7^7a - 7^3b - 7c - 5 = 7$ (प्रश्न से)

$\Rightarrow -7^7a - 7^3b - 7c = 12$

$\Rightarrow 7^7a + 7^3b + 7c = -12$

अब, $f(7) = 7^7a + 7^3b + 7c - 5$

$= -12 - 5 \ -17$

**109.** फलन $f(x)$ को $f(x) = \dfrac{x - |x|}{x}$ के रूप में अभिव्यक्त किया जाये तो-

(A) फलन सर्वत्र सतत् है (B) फलन सतत् नहीं है

(C) फलन सतत् है, जहाँ $x < 0$

(D) फलन सभी $x$ के लिए सतत है, शून्य के अतिरिक्त

उत्तर-(D)

**व्याख्या**- $f(x) = 1 - \dfrac{|x|}{x}$

चूँकि $\dfrac{|x|}{x}$ केवल शून्य को छोड़कर हर बिन्दु पर सतत् है

अत: $f(x = 1 - \dfrac{|x|}{x}$

शून्य को छोड़कर हर बिन्दु पर सतत है

**110.** $\lim\limits_{x \to 0} \dfrac{xe^x - \log(1+x)}{x^2}$ बराबर है-

(A) $\dfrac{1}{2}$ (B) $\dfrac{3}{2}$

(C) 0 (D) $\dfrac{5}{2}$

उत्तर-(B)

**व्याख्या**- $\lim\limits_{x \to 0} \dfrac{xe^x - \log(1+x)}{x^2} = \dfrac{0}{0}$ *from*

$= \lim\limits_{x \to 0} \dfrac{e^x + xe^x - \dfrac{1}{(1+x)}}{2x}$

$= \lim\limits_{x \to 0} \dfrac{e^x + e^x + \dfrac{1}{(1+x)^2}}{2} = \dfrac{3}{2}$

**111.** श्रेणी $\Sigma \dfrac{n^2-1}{n^2+1} x^2, x > 0$

(A) $x \geq 1$ के लिए अभिसारी है

(B) $x > 1$ के लिए अभिसारी है

(C) $x \geq 1$ के लिए अपसारी है

(D) $x > 1$ के लिए अपसारी है

उत्तर-(C)

**व्याख्या**- $un = \dfrac{n^2-1}{n^2+1}$

Caxcity Root Test से,

$\lim\limits_{n \to -} (un)^{1/n} = L$ से

$\lim \left( \dfrac{n^2-1}{n^2+1} x^2 \right) = x^2 \neq 0$

Prepp
Your Personal Exams Guide

$x > 0$

$x \geq 1$

जबकि

$\therefore \Sigma \frac{n-1}{n^2+1} x^2 + > 0$

अतः श्रेणी

$x \geq 1$ के लिए अपसारी है।

**112. भारत के वायुसेना प्रमुख हैं-**

(A) एस. कृष्णास्वामी (B) कृष्णाकान्त

(C) विष्णुकान्त (D) राम रेड्डी **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-एस. कृष्णास्वामी ने वायुसेना के प्रमुख के रूप में कार्यभार 31 दिसम्बर, 2001 को ग्रहण किया था। उन्होंने यह कार्यभार एयर चीफ मार्शल ए. वाई. टिपणिस से ग्रहण किया था।

**113. नई दिल्ली और पटना के बीच 2 फरवरी, 2002 से चलने वाली द्रुतगामी रेलगाड़ी का नाम क्या है?**

(A) साबरमती एक्सप्रेस (B) सम्पूर्ण क्रान्ति

(C) पाटलीपुत्र एक्सप्रेस (D) शालीमार एक्सप्रेस

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-सम्पूर्ण क्रान्ति पटना से दिल्ली जाते समय सिर्फ मुगलसराय, कानुपर ही रुकती है। इसके लिए टिकट सिर्फ पटना से दिल्ली या दिल्ली से पटना तक का ही मिलता है।

**114. निम्नलिखित में से कौन बिहार और झारखण्ड के सह राज्यपाल है-**

(A) विनोद कुमार पाण्डे (B) विमल कुमार दुबे

(C) विष्णुकान्त शास्त्री (D) गिरीश चौबे

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-झारखण्ड के राज्यपाल प्रभात कुमार के त्यागपत्र देने के बाद राष्ट्रपति ने बिहार के राज्यपाल श्री विनोद कुमार पाण्डेय को झारखण्ड राज्य का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

**115. इनमें से किस अमेरिकी दूत का चयन पश्चिमी एशिया में तनाव को कम करने के लिए किया गया है।**

(A) एन्थोनी जिन्नी (B) लुई फिशर

(C) किसिंगर (D) टॉम लेविस

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-फिलिस्तीन एवं इजरायल के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष युद्ध के फलस्वरूप पश्चिमी एशिया में शान्ति स्थापित नहीं हो पा रही है। संभावित युद्ध को रोकने के लिए एन्थोन ी जिन्नी को शान्ति वार्ता हेतु भेजा गया।

**116. इनमें से कौन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष है।**

(A) जे. एस. वर्मा (B) पी. एन. भगवती

(C) अहमदी (D) कृष्णमूर्ति

**उत्तर-(A)**

**117. मार्च, 2002 में हैदराबाद में सम्पन्न 17वीं पार्टी ... में लगातार चौथी बार किसका चयन मार्क्सवादी ... पार्टी के महासचिव के पद पर हुआ है?**

(A) चन्द्रबाबू नायडू (B) हरकिशन सिंह सुरजीत

(C) खुशवंत सिंह (D) ममता बनर्जी

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-मार्च 2002 में हैदराबाद में सम्पन्न कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्सवादी) की 17वीं पार्टी कांग्रेस में लगातार चौथी बार हरकिशन सिंह सुरजीत को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट जनरल के महासचिव पद पर नियुक्त किया गया था।

**118. निम्न में से किस मुख्यमंत्री ने 63 उत्कृष्ट मन्दिरों में अन्नदानम योजना प्रारंभ की है।**

(A) केरल (B) आन्ध्र प्रदेश

(C) कर्नाटक (D) तमिलनाडु

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-तमिलनाडु की मुख्यमंत्री (तत्कालीन) जे. जयललिता ने 63 उत्कृष्ट मंदिरों के लिए अन्नदानम योजना प्रारंभ की थी।

**119. विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है।**

(A) 13 मार्च (B) 14 मार्च

(C) 15 मार्च (D) 16 मार्च

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-16 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है।

**120. निम्नलिखित में से किसे मार्च, 2002 में अदालत की अवमानना के दोष में सजा दी गयी?**

(A) शबना आजमी (B) अरून्धती राय

(C) अरूण जेटली (D) केशवानन्द भारती

**उत्तर-(B)**

**121. बाबरी मस्जिद/रामजन्म भूमि का विवाद जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय (लखनऊ न्यायपीठ) के समक्ष है, का प्रकार है-**

(A) परमादेश याचिका (Writ Petition)

(B) स्वत्वाधिकार मुकद्दमा (Title Suit)

(C) पुनर्निरीक्षण याचिका (Judicial Review Pedtion)

(D) क्षतिपूर्ति का दावा (Claim for compensalion)

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-ऐसा मुकद्दमा जो किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध न होकर, सार्वजनिक अधिकार हेतु चलाया जाता है उसे स्वत्वाधिकार (Title Suit) मुकद्दमा कहते हैं। बाबरी मस्जिद/

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

राम जन्मभूमि से संबंधित मुकद्दमा भी स्वत्वाधिकार मुकद्दमा है।

**122. अफगानिस्तान में अमेरिका का सबसे बड़ा धरातलीय आपरेशन जाना जाता है–**

(A) आपरेशन एनाकोण्डा को

(B) आपरेशन ओसामा बिन लादेन को

(C) आपरेशन यूनाइटेड स्टेट्स को

(D) आपरेशन ब्लू स्टार को

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के पतन एवं हामिद करजई के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद अफगानिस्तान के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में छिपे तालिबान (अलकायदा लड़ाकों) को समाप्त करने के लिए अमेरिकी एवं अफगान सेनाओं द्वारा आपरेशन एनाकोण्डा चलाया गया।

**स्रोत**-यूनिक सामान्य अध्ययन, इलाहाबाद

**123. मार्च 2002 ई॰ में इस्लामाबाद में सम्पन्न हुए द्वितीय सार्क सूचना मंत्री सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया था?**

(A) मुरली मनोहर जोशी (B) उमा भारती

(C) सुषमा स्वराज (D) ममता बनर्जी

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-सार्क दक्षिणी एशियाई देशों का संगठन हैं इसमें सात देश शामिल हैं। इसके सात बांग्लादेश, श्रीलंका एवं मालदीव/सार्क का मुख्यालय नेपाल की राजधानी काठमाण्डू में स्थित है। इस संगठन का निर्माण बांग्लादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पहल पर स्थापना 1985 ई॰ को हुआ था।

**124. बिहार पर कितना ऋण है–**

(A) 37, 653 करोड़ रुपये

(B) 67, 653 करोड़ रुपये

(C) 87, 663 करोड़ रुपये

(D) 90, 000 करोड़ रुपये

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-बिहार पर केन्द्र सरकार का ऋण 67,653 करोड़ रुपये है। भारतीय संघात्मक व्यवस्था में भारत का कोई भी राज्य विदेशों से ऋण नहीं ले सकता है।

**स्रोत**-बिहार एक परिचय-इम्तियाज अहमद।

**125. फरवरी 2002 ई॰ में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने किस अभिनेता को सम्मानित किया।**

(A) अमिताभ बच्चन (B) आमिर खान

(C) शत्रुघ्न सिन्हा (D) दिलीप कुमार

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-दिलीप कुमार भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता है। इन्हें दादा साहेब फाल्के और निशान-ए-पाकिस्तान पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। दिलीप कुमार को अलीगढ़ विश्वविद्यालय ने भी सम्मानित किया है।

**स्रोत**-सामान्य अध्ययन, यूनिक इलाहाबाद प्रकाशन।

**126. निम्नलिखित में से कौन बिहार विधानसभा से राज्यसभा के लिए चुने गये?**

(A) सुनील दत्त (B) राबड़ी देवी

(C) साहिब सिंह वर्मा (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(D)**

**127. ऑस्कर, 2002 ई॰ में से किसे सर्वोत्तम विदेशी भाषा फिल्म की श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ?**

(A) लगान

(B) नो मेन्स लैण्ड (No Man's Land)

(C) ए ब्यूटीफुल माइण्ड (A Beautiful Mind)

(D) दि लॉर्ड ऑफ दि रिंग्स (The Lord of the rings)

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-सन् 2002 में ऑस्कर पुरस्कार बोनिस्या हर्जेगोविना की फिल्म नो मेन्स लैण्ड (No Man's Land) को दिया गया है। यह फिल्म बोस्निया हर्जेगोबिना युद्ध पर आधारित है।

**स्रोत**-सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन-उपकार प्रकाशन

**128. लिब्राहन जाँच कमीशन किससे संबंधित है–**

(A) बाबरी मस्जिद की तोड़-फोड़ से

(B) राम मन्दिर के निर्माण से

(C) हवाला काण्ड से

(D) बिहार के चारा घोटाले से

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-6 दिसम्बर, 1992 ई॰ को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस की जाँच तथा दोषी व्यक्तियों का पता लगाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने जस्टिस लिब्रहान आयोग का गठन किया था।

**स्रोत**-सामान्य अध्ययन यूनिक इलाहाबाद प्रकाशन।

**129. संविधान समीक्षा आयोग जिसे फरवरी, 2000 में गठित किया गया, के अध्यक्ष है?**

(A) एम. एन. बेंकटचलैया (B) आर. एस. सरकारिया

(C) कृष्णा अय्यर (D) फातिमा बीबी

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-22 फरवरी, 2000 ई॰ को संविधान समीक्षा आयोग का गठन किया गया। इसका अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश श्री एम. एन. बेंकट चलैया को

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

बनाया गया। आयोग ने अपनी रिपोर्ट 31 मार्च, 2002 ई॰ को तत्कालीन विधि मंत्री श्री अरुण जेटली को सौंपी थी। इस रिपोर्ट में संविधान में कुछ संशोधन करने की सिफारिश की गयी। इस आयोग में अली ईरानी, सुभाष कश्यप, सोली सोराबजी, पी. ए. संगमा आदि सदस्य थे।

स्रोत-सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन-उपकार प्रकाशन

**130. अमिता रॉड्रिक किसकी लेखिका है?**

(A) दि अन्टोल्ड स्टोरी (The Untold Story)
(B) बिजनेस ऐज यूजुअल (Business as Usual)
(C) बिजनेस ऐज अन्युजुयल (Business as Unusual)
(D) टियर्स एण्ड स्माइलस (Tears and Smiles)

उत्तर-(C)

**131. "चोगम (CHOGM)-2002" 51 सदस्यों के साथ कहाँ सम्पन्न हुआ?**

(A) कूलॉम में (B) कोपेनहेगन में
(C) हरारे में (D) डबलिन में

उत्तर-(A)

व्याख्या-चोगम (CHOGM) के सदस्य वे राष्ट्र होते हैं, जो कभी ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थे। 51 सदस्यीय चोगम सदस्य राष्ट्रों की अध्यक्षता ब्रिटेन की महारानी करती है। 2 से 5 मार्च, 2002 ई॰ तक राष्ट्रमण्डलीय शासनध्यक्ष का सम्मेलन आस्ट्रेलिया में ब्रिसबेन के निकट कूलाम में सम्पन्न हुआ।

**132. निम्नलिखित में से कौन-सा देश नयी आई॰ सी॰ सी॰ चैम्पियन ट्रॉफी की सितम्बर, 2002 में मेजबानी करेगा?**

(A) श्रीलंका (B) पाकिस्तान
(C) भारत (D) वेस्ट इण्डिज

उत्तर-(A)

व्याख्या-आई॰ सी॰ सी॰ चैम्पियन ट्रॉफी (क्रिकेट) श्रीलंका के कोलम्बो में 13-30 सितम्बर, 2002 को सम्पन्न हुआ। आई॰ सी॰ सी॰ चैम्पियन ट्रॉफी का पूर्व नाम आई॰ सी॰ सी॰ नॉक आउट 'टूर्नामेन्ट' था।

**133. बिहार का कौन-सा शहर झारखण्ड राज्य की राजधानी बना है ?**

(A) बक्सर (B) धनबाद
(C) राँची (D) हजारीबाग

उत्तर-(C)

व्याख्या-झारखण्ड राज्य की राजधानी राँची है।

स्रोत-ऑक्सफोर्ड एटलस।

**134. इनमें से कौन-सा सत्य है।**

(A) बिहार कोयले और अभ्रक का मुख्य उत्पादक रहा है।
(B) बिहार को उड़ीसा से सन् 1911 ई. में अलग किया गया था।
(C) झारखण्ड राज्य बनने के बाद बिहार की सीमा उड़ीसा से लगती है।
(D) बिहार में एकसदनीय विधानपालिका है।

उत्तर-(A)

व्याख्या-वर्तमान बिहार के लिए कोई सत्य नहीं है। झारखण्ड को अलग राज्य बनने के बाद बिहार में कोयला एवं अभ्रक बहुत कम रह गया है। बिहार से उड़ीसा राज्य 1936 ई. में बना। बिहार की सीमा उड़ीसा से नहीं मिलती है। बिहार की सीमा U.P. झारखण्ड, पं. बंगाल के साथ मिलती है। बिहार में द्विसदनीय विधानसभा है।

स्रोत-बिहार दिग्दर्शिका क्रॉनिकल, भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-1019

**135. बिहार की मुख्य खाद्यान्न फसलें हैं।**

(A) चावल, गेहूँ एवं मक्का
(B) गन्ना, चाय एवं जौ
(C) मूंगफली, कॉफी एवं गेहूँ
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(A)

व्याख्या-बिहार की प्रमुख खाद्य फसलें चावल, गेहूँ, मक्का एवं दालें है।

स्रोत-भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-1019

**136. झारखण्ड बनने के बाद बिहार में लगभग कितने जिले रह गए हैं ?**

(A) 38 (B) 65
(C) 60 (D) 62

उत्तर-(A)

व्याख्या-वर्तमान में बिहार में 38 जिले हैं। नवीनतम जिला अरवल है।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक, 2013, पृष्ठ सं॰-731

**137. हाल में ही बिहार से कौन-सा राज्य नया बना है ?**

(A) वनांचल (B) विदर्भ
(C) झारखण्ड (D) छत्तीसगढ़

उत्तर-(C)

व्याख्या-15 नवम्बर 2000 ई. को बिहार से अलग होकर झारखण्ड राज्य बना। यह देश का 28वाँ राज्य है। इसका क्षेत्रफल 79,714 वर्ग किमी. है।

स्रोत-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-1036

**138. एशिया का सबसे बड़ा जलप्रपात (Falls) हुण्डरू किस जगह के पास है।**

(A) राँची (B) हजारीबाग
(C) जमशेदपुर (D) बोधगया

उत्तर-(A)

व्याख्या-हुण्डरू का जलप्रपात झारखण्ड की राजधानी राँची में स्थित है। यह स्वर्ण रेखा नदी पर स्थित है। यह एशिया का सबसे बड़ा जलप्रपात है। यह प्रपात 74 मीटर की ऊँचाई से गिरता है।

स्रोत-भारत का भूगोल-NCERT कक्षा-10

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**139. पटना महानगरपालिका में वार्डों की संख्या है-**

(A) 57 (B) 67
(C) 64 (D) 59 उत्तर-(A)

**व्याख्या**-पटना महानगरपालिका में 57 वार्डों की संख्या है।

**140. बिहार राज्य के चुनाव आयुक्त कौन है ?**

(A) एम.एल. मजुमदार (B) रेनुका बजाज
(C) एल.एम. सिंघवी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(A)

**141. निम्नलिखित में से किस अखबार का प्रकाशन पटना से होता था ?**

(A) इण्डियन नेशन (B) पंजाब केसरी
(C) प्रभाकर (D) डॉन उत्तर-(A)

**व्याख्या**-इण्डियन नेशन अखबार का प्रकाशन पटना से 1931 ई. में प्रारंभ किया गया। इसका प्रकाशन दरभंगा के महाराजा कामेश्वर सिंह ने किया था।

**स्रोत**-बिहार एक परिचय, इम्तियाज अहमद, पृष्ठ सं.-97

**142. त्रिवेणी नहर में किस नदी से पानी आता है ?**

(A) सोन (B) कोसी
(C) गण्डक (D) मयूराक्षी उत्तर-(C)

**व्याख्या**-त्रिवेणी नहर गंगा की सहायक गण्डक नदी से भारत-नेपाल सीमा के पास निकाली गई। यह पश्चिम चम्पारण के लगभग एक लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित करती है। इसका निर्माण 1904 में किया गया था।

**स्रोत**-बिहार दिग्दर्शिका क्रॉनिकल पृष्ठ सं.-220

**143. मैथन, वेलपहाड़ी एवं तिलैया बाँध किस नदी पर बनाए गए है ?**

(A) दामोदर (B) बराकर
(C) कोनार (D) बोकारो उत्तर-(B)

**व्याख्या**-दामोदर घाटी परियोजना के अन्तर्गत निर्मित मैथन वेलपहाड़ी तथा तिलैया बाँध बराकर नदी पर तथा वर्मा एवं पंचत पहाड़ी बाँध दामोदर नदी पर स्थित है।

**स्रोत**-बिहार एक परिचय-इम्तियाज अहमद

**144. बिहार में राष्ट्रीय राज्य मार्गों की कुल लम्बाई है-**

(A) 1913 किमी. (B) 1088 किमी.
(C) 1313 किमी. (D) 1371 किमी. उत्तर-(A)

**व्याख्या**-बिहार में राष्ट्रीय राज मार्ग की लम्बाई 3754 किमी है, लेकिन प्रश्न पूछते समय उत्तर (A) होगा।

**स्रोत**-आर्थिक सर्वेक्षण, बिहार सरकार, वित्त विभाग, 2012-13

**145. भारत की कुल जनसंख्या में बिहार की जनसंख्या का क्या प्रतिशत है ?**

(A) 9.33% (B) 10.21%
(C) 16.44% (D) 8.07%

उत्तर-(D)

**146. जमशेदपुर किस नदी के किनारे स्थित है ?**

(A) दामोदर (B) ब्राह्मणी
(C) स्वर्णरेखा (D) अजय

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-जमशेदपुर झारखण्ड राज्य में अवस्थित है। यह स्वर्ण रेखा नदी के तट पर है। स्वर्ण रेखा नदी राँची की पहाड़ी से निकलती है।

**स्रोत**-बिहार एक परिचय-इम्तियाज अहमद।

**147. निम्नलिखित में से बिहार के कौन-से जिलों के कुछ इलाके पश्चिम बंगाल को दिए गए थे-**

(A) जमशेदपुर (B) भागलपुर
(C) पूर्णिया और मानभूम (D) राजगीर

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-1956 ई. में राज्यों को भाषायी आधार पर पुर्नगठन किया गया। इसके तहत बिहार की सीमा में परिवर्तन हुआ एवं पूर्णिया तथा मानभूम के कुछ हिस्से पश्चिम बंगाल को दिए गए।

**148. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान बिहार में वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है।**

(A) भागलपुर (B) बोधगया
(C) पटना (D) हजारीबाग

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-बिहार के विभाजन के बाद हजारीबाग झारखण्ड में चला गया लेकिन बोध गया में गौतम बुद्ध अभ्यारण्य स्थित है।

**स्रोत**-बिहार सांस्कृतिक विरासत विशेषांक-सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार सरकार।

**149. भारत का सर्वाधिक गेहूँ उत्पादक राज्य कौन-सा है?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) पंजाब
(C) हरियाणा (D) मध्य प्रदेश

उत्तर-(A)

**150. निम्नलिखित में से कौन ऊर्जा का प्राकृतिक स्रोत नहीं है?**

(A) लकड़ी (B) सूर्य
(C) विद्युत (D) कोयला उत्तर-(C)

●●●